# पांच सालों में बढ़ेगी चीनी की खपत

भाषा
नई दिल्ली, 4 नवंबर




देश में चीनी की खपत करीब पांच सालों में 2.9 करोड़ टन के स्तर को पार कर जाएगी। चीनी की खपत में बढ़ोतरी की वजह बढ़ता शहरीकरण और खान पान की आदतों में आया बदलाव है। एक अध्ययन में यह जानकारी दी गई है। उद्योग मंडल एसोचैम के अध्ययन में कहा गया है, 'चीनी की 16 करोड़ 87.3 लाख टन की वैश्विक खपत में करीब 15 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ भारत दुनिया में चीनी का सबसे अधिक खपत करने वाला देश है।' इसमें कहा गया है कि देश की चीनी खपत साल दर साल करीब दो प्रतिशत की दर से बढ़ रही है और वर्ष 2019-20 तक इसके दो करोड़ 93.5 लाख टन हो जाने का अनुमान है। मौजूदा समय में खपत करीब 2.6 करोड़ टन की है। इसमें कहा गया है कि चीनी की खपत में वृद्धि बढ़ते शहरीकरण और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में इसके अधिक इस्तेमाल के कारण हो रही है। अध्ययन में सुझाव दिया गया है कि गन्ने की खेती के विस्तार और उपज बढ़ाने के लिए गन्ना खेती का रकबा बढ़ाने की जरूरत है।

बिजनेस स्टैंडर्ड
5/11/14